JALAUN POLICE

दिनांक – 22.05.2026

कोतवाली माधौगढ़ व थाना साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आईपीएल मैच के दौरान बृहद स्तर पर ऑनलाइन आईपीएल जुआ/सट्टे के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए सक्रिय रूप से सम्मिलित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से ऑनलाइन सट्टे में प्रयुक्त किये जा रहे मोबाइल फोन तथा अभियुक्त के कब्जे से कुल 3,22,780/- रु0 बरामद कर विधिक कार्यवाही कार्यवाही की गयी।

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में ऑनलाइन जुआ/सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22.05.2026 को कोतवाली माधौगढ़ पुलिस व थाना साइबर क्राइम की संयुक्त टीम द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टे का काला कारोबार कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले अभियुक्त पवन मिसुरिया पुत्र स्व० रमेश चन्द्र मिसुरिया निवासी मुहल्ला पटेल नगर कस्बा व कोतवाली माधौगढ़ जनपद जालौन को कोतवाली माधौगढ क्षेत्रान्तर्गत से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से ऑनलाइन सट्टा कारोबार में प्रयुक्त किये जा रहे इलेक्ट्रानिक उपकरण को कब्जा पुलिस में लिया गया, जिसमें अभियुक्तों द्वारा ऑनलाइन सट्टा, ट्रेडिंग के ऐप प्रयुक्त किये जा रहे थे।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरूद्ध कोतवाली माधौगढ पर मु0अ0सं0 55/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

अभियुक्तगण द्वारा किये जा रहे ऑनलाइऩ सट्टेबाजी से काफी लोगो का जीवन अंधकारमय हो गया है। जिनके आपराधिक कृत्यों की गम्भीरता के दृष्टिगत गम्भीर धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त पवन मिसुरिया उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि हम लोग आईपीएल/क्रिकेट मैच का सट्टा ऑनलाइन आईडी/बेवसाइट (allpenellexch.com) के माध्यम से आईडी बनाकर ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैच खेलने व खिलवाने का काम करते हैं। लोगों को ज्यादा रुपये का फायदा कराने का लालच देकर उनके रुपये नगद व ऑनलाइन दोनों तरीकों से लगवाते हैं, जीतने पर अपना कमीशन लेकर उनको जीती गयी धनराशि देते हैं। आज मैं अपने साथियों के साथ यहां पर ऑनलाइन सट्टा लगाने का काम कर रहा था, लेकिन आप लोगों नें पकड़ लिया। भागे हुये व्यक्तियों के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि साहब वह मेरे साथी ही हैं, हम लोग साथ में ही काम

करते हैं, मेरी मास्टर आईडी है, जिससे अपने साथियों के सहयोग से सट्टा खेलने के इच्छुक लोगों को क्लाइन्ट आईडी बनाकर देता हूं। वह लोग आपको देखकर भाग गये हैं।

बरामदगी का विवरण-

1. कुल 3,22,780/- रुपये नगद
2. ऑनलाइन सट्टा में प्रयुक्त 01 अदद एन्ड्रॉयड मोबाइल

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. पवन मिसुरिया पुत्र स्व० रमेश चन्द्र मिसुरिया उम्र करीब 42 वर्ष निवासी मुहल्ला पटेल नगर कस्बा व थाना माधौगढ़ जनपद जालौन

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 55/26 धारा 13 सार्वजनिक जुआ(सट्टा) अधि0 व 112(2) बीएनएस कोतवाली माधौगढ जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 79/2020 धारा 188/269/270 भादवि थाना माधौगढ जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 61/2021 धारा 406/420 भादवि थाना माधौगढ जनपद जालौन

फरार/वांछित अभियुक्त का विवरण-

1. सागर दुबे पुत्र रामकुमार दुबे निवासी कस्बा व थाना माधौगढ़, जनपद जालौन
2. विपिन वर्मा पुत्र रामऔतार वर्मा निवासी ग्राम सरावन थाना गोहन जनपद जालौन
3. अतुल दुबे ग्राम चितौरा थाना माधौगढ
4. जानू भाटिया पुत्र महेश भाटिया आजाद नगर थाना माधौगढ जनपद जालौन
5. अंकुश गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता निवासी कस्बा व थाना माधौगढ जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. 3,22,780/- रूपये (तीन लाख बाइस हजार सात सौ अस्सी रुपये)
2. 01 अदद मोबाइल फोन

टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कोतवाली माधौगढ मय पुलिस टीम
2. प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मय टीम।